हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, मंगलवार 24 मार्च 2026

तापमान

अधिकतम 30.7 डिग्री

न्यूनतम 12.0 डिग्री

12 कैंप में 65 लोगों ने स्वेच्छा से किया रक्तदान



12 मेजबान भारांपुर की टीम को हराकर....



## खबर संक्षेप

### महिला से पर्स छीनने वाला गिरफ्तार

**अंबाला।** अंबाला शहर पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए तंदुरा बाजार टॉकीज रोड पर एक महिला के साथ हुई छीनाझपटी की वारदात को सुलझा लिया है। पुलिस ने मामले के मुख्य आरोपी विशाल उर्फ अभिनव उर्फ अभि को गिरफ्तार कर लिया है। महिला ने बताया कि जब वह तंदुरा बाजार रोड से गुजर रही थी, तभी एक्टिवा सवार एक युवक ने उनका पर्स छीन लिया। छीनाझपटी के दौरान आरोपी ने महिला को जोरदार धक्का दिया, जिससे उन्हें चोटें आईं। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया था। महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से वारदात में छीना गया लेडीज पर्स और अपराध में इस्तेमाल की गई एक्टिवा बरामद कर ली है।

### चोरी करने का एक आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना महेश नगर पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए घर से सामान चोरी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी किया गया सामान बरामद करने में सफलता हासिल की है। आरोपी की पहचान दीपू के रुप में हुई है। 22 मार्च को पूजा विहार के सौरभ ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनके घर से गैस सिलेंडर, बर्तन और अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया है। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान थाना महेश नगर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी दीपू को अंबाला-साहा रोड से काबू किया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी किया गया गैस सिलेंडर और बर्तन बरामद कर लिए हैं।

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 9 मई को

**अंबाला।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेर्शानुसार राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 9 मई 2026 को किया जाएगा। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रवीण ने बताया की लोगों के लवित मामलों का निपटारा करने के लिए समय-समय पर लोक अदालतों का आयोजन किया जाता है।

## भाकियू की किसान-मजदूर जनक्रांति रैली में हरियाणा, यूपी, पंजाब सहित कई प्रदेशों से जुटे किसान


# खेती ही नहीं, अर्थव्यवस्था पर भी पड़ेगा ट्रेड डील से असर : चढूनी

भारत-अमेरिका ट्रेड डील के विरोध में किसानों ने भरी हुंकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

पिपली अनाज मंडी में सोमवार को भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) द्वारा किसान-मजदूर जनक्रांति रैली आयोजित की गई, जिसमें हजारों किसानों ने भारत-अमेरिका ट्रेड डील के विरोध में जोरदार हुंकार भरी। हरियाणा, पंजाब और उत्तर प्रदेश सहित कई राज्यों से पहुंचे किसानों ने सरकार से इस समझौते को रद्द करने की मांग उठाई। साथ ही एमएसपी की कानूनी गारंटी, कर्ज माफी और किसान आंदोलन के दौरान दर्ज मुकदमे वापस लेने की भी मांग की। रैली को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर रहा। पुलिस प्रशासन ने एहतियातन भारी वाहनों के रूट डायवर्ट किए और सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए।

भाकियू के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढूनी अस्वस्थता के कारण रैली में शामिल नहीं हो सके। वे अस्पताल से लाइव जुड़कर किसानों को संबोधित करते रहे। जानकारी के अनुसार सुबह नहाने के दौरान बाथरूम में फिसलने से उनके कूल्हे में चोट लगी है और उनका ऑपरेशन होना है। इसके बावजूद उन्होंने किसानों को अपना संदेश दिया।





कुरुक्षेत्र। लाइव आकर किसानों को संबोधित करते भाकियू राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढूनी। फोटो : हरिभूमि

रैली को हर्ष छिकारा, महिला नेत्री सुमन हुड्डा, प्रवक्ता राकेश बैंस, भाकियू हरियाणा के कार्यकारी अध्यक्ष कर्मसिंह मथाना, कृष्ण कलाल माजरा, महावीर चहल, संजू गुंदियाना और विक्रम कसाना सहित कई किसान नेताओं ने संबोधित किया।रैली स्थल पर पहुंचे उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने किसानों को आश्वस्त करते हुए कहा कि उनकी मांगों को सरकार तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने बताया कि ट्रेड डील के मुद्दे पर सरकार से बातचीत हो चुकी है और 2 अप्रैल को चंडीगढ़ में पांच से सात सदस्यीय कमेटी की उच्च अधिकारियों के साथ बैठक प्रस्तावित है।

उन्होंने कहा कि किसानों पर दर्ज मुकदमों की जिला स्तर पर समीक्षा कर ली गई है और सकारात्मक मामलों को सरकार के पास भेजा जाएगा। फसल खरीद को लेकर सरकार ने 1 अप्रैल से खरीद शुरू करने का निर्णय लिया है। सरसों खरीद सहित अन्य सुझाव भी सरकार तक पहुंचाए जाएंगे। गेट पास को लेकर उन्होंने स्पष्ट किया कि यह अनाज मंडी से ही जारी किया जाएगा। उपायुक्त ने यह भी बताया कि धान घोटाले की जांच में कई एफआईआर दर्ज की गई हैं और कई कर्मचारियों के खिलाफ चार्जशीट जारी की गई है। किसान संगठनों के सुझावों पर अमल की प्रक्रिया भी जारी है।

सुबह 10 बजे से ही किसान पिपली मंडी में जुटने लगे थे और दोपहर दो बजे तक भीड़ बढ़ती रही। किसानों के लिए लंगर की व्यवस्था भी की गई थी। दोपहर करीब दो बजे चढूनी अस्पताल से लाइव जुड़े और करीब ढाई बजे उपायुक्त के आश्वासन के बाद रैली शांतिपूर्वक संपन्न हो गई।

### अस्पताल से लाइव जुड़े आंदोलन की दी चेतावनी

भाकियू के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढूनी ने अस्पताल से रैली में लाइव जुड़कर किसानों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि इस रैली में दिल्ली कूच और संसद पहुंचने का निर्णय लिया जाना था और नतीजा जो भी हो, हम इरादा करके आए थे। सरकार चाहे कुछ भी करे, लठ मारे लेकिन वे भारत को गुलाम नही होने देंगे। उन्होंने भारत-अमेरिका ट्रेड डील को किसानों के लिए "खतरे की घंटी" बताते हुए कहा कि यदि खेती को इसमें शामिल किया गया तो छोटे किसान विदेशी किसानों से मुकाबला नहीं कर पाएंगे। चढूनी ने चेताया कि सस्ते विदेशी अनाज और डेयरी उत्पाद आने से किसानों को अपनी फसल कम दाम पर बेचनी पड़ेगी, जिससे उनकी आय प्रभावित होगी। उन्होंने कहा कि इससे खेती पर बड़ी कंपनियों का नियंत्रण बढ़ेगा और लागत भी बढ़ेगी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसान इस डील को लागू नहीं होने देंगे और जरूरत पड़ी तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

### नाले में मिला बुजुर्ग का शव, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

- पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारणों का होगा खुलासा

जिले के असंध क्षेत्र में जींद रोड बाइपास के पास एक नाले में बुजुर्ग व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सोमवार को एक राहगीर ने नाले के पास खड़े होकर चाय पीते समय शव को देखा और आसपास के लोगों को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस को मामले की जानकारी दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर असंध के मोर्चरी हाउस में रखवा दिया। मृतक की पहचान असंध निवासी करीब 60 वर्षीय निर्मल सिंह के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, कुछ वर्ष पहले उनके इकलौते बेटे की मौत हो गई थी, जिसके बाद से वह मानसिक रूप से परेशान रहने लगे थे और पिछले तीन-चार साल से घर से बाहर रह रहे थे।घटनास्थल से पुलिस को एक गमछा और कंघा भी मिला है। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है और हर पहलू से मामले की जांच की जा रही है। जांच अधिकारी पवन कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा।

## रिंग रोड पर देर रात ट्रक की तेज लाइट आंखों में पड़ने से हादसा, युवक की मौत

### सफेद एलईडी लाइट से आंखें चौंधयाने पर बिगड़ा बाइक का संतुलन

हरिभूमि न्यूजर ▶▶| करनाल

करनाल शहर में रिंग रोड पर रविवार देर रात एक भीषण सड़क हादसा हो गया। इस हादसे में बाइक पर पीछे बैठे एक 27 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके दो साथी घायल हो गए। मृतक की पहचान गांव दरड़ के रहने वाले दीपक के रूप में हुई है। परिजनों और प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसा रात करीब 12:30 बजे हुआ। दीपक अपने दो साथियों के साथ काम खत्म कर बाइक से घर लौट रहा था। वह बाइक पर बीच में बैठा था। जैसे ही वे रिंग रोड पर पहुंचे, सामने से आ रहे एक ट्रक की तेज सफेद एलईडी लाइट सीधे बाइक चालक की आंखों में पड़ी। रोशनी इतनी तेज थी कि चालक की आंखें चौंधिया गईं और वह संतुलन खो बैठा, जिससे बाइक सड़क पर गिर गई।

#### सिर में पत्थर लगने से गई जान

बाइक गिरते ही तीनों युवक सड़क पर जा गिरे। बदकिस्मती से दीपक का सिर सड़क पर पड़े एक पत्थर से जा टकराया, जिससे उसके सिर और नाक पर गंभीर चोटें आईं और काफी खून बह गया। उसके साथियों ने तुरंत उसे अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अन्य दो साथियों का इलाज चल रहा है।

#### परिवार का सहारा छिना

मृतक दीपक पेशे से मजदूर था। उसकी शादी साल 2018 में हुई थी और वह अपने पीछे 5 साल का एक मासूम बेटा छोड़ गया है। इस हादसे के बाद गांव दरड़ और दीपक के परिवार में मातम छा गया है। परिजनों का कहना है कि अगर ट्रक की लाइट सामान्य होती, तो शायद यह हादसा नहीं होता।

#### पुलिस मामले की छानबीन में जुटी

सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और टक्कर मारने वाले या लापरवाही बरतने वाले चालक व वाहन की तलाश की जा रही है।

### अवैध हथियार के साथ एक युवक गिरफ्तार

यमुनानगर। जिला की व्यासपुर थाना पुलिस ने गांव शाहपुर बाग के पास से एक युवक को अवैध पिस्तौल व पांच जिंदा राउंड के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार व्यासपुर थाना में तैनात सिपाही कारण ने बताया कि वह शाम को टीम के साथ गश्त कर रहा था। इस दौरान उसे सूचना मिली थी कि गांव शाहपुर बाग के पास एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहा है। आरोपी किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। सूचना मिलते ही उसने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर वहां संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहे युवक को हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से एक अवैध पिस्तौल व पांच जिंदा राउंड बरामद हुए। पूछताछ के दौरान आरोपी की पहचान गांव बसातिया वाला निवासी हरजशन सिंह के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश कर जांच शुरू कर दी।

## डंपर ने इलेक्ट्रिक स्कूटी को मारी टक्कर,12 वर्षीय बच्ची की मौत

- हादसे में मृतका का दादा व बुआ घायल, साढौरा क्षेत्र के गांव फाजलपुर के पास हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिले के साढौरा क्षेत्र के गांव फाजलपुर में देर शाम तेज रफ्तार डंपर ने इलेक्ट्रिक स्कूटी को टक्कर मार दी। जिसमें 12 वर्षीय मासूम आयशा की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में मृतका का दादा ताज मोहम्मद और बुआ हिना गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात डंपर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार गांव फाजलपुर निवासी नूर मोहम्मद ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह मेहनत.मजदूरी कर अपने परिवार का पालन.पोषण करता है। उसके चार बच्चे हैं और सभी की शादी हो चुकी है। उसके बड़े बेटे इरशाद के दो बच्चे हैं, जिनमें 12 वर्षीय आयशा और एक बेटा आरिश शामिल हैं।

उन्होंने बताया कि गत देर शाम उसका भाई ताज मोहम्मद अपनी बेटी हीना और पोती आयशा को लेकर गांव के पास एक डेरे में रिश्तेदारी में मिलने गया था। उस समय नूर मोहम्मद स्वयं मस्जिद में नमाज पढ़ने गया हुआ था। करीब सात बजे जब ताज मोहम्मद अपनी बेटी और पोती के साथ इलेक्ट्रिक स्कूटी पर सवार होकर वापस गांव लौट रहा था और फाजलपुर की मस्जिद के पास पहुंचा। तभी पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार डंपर ने उनकी स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कूटी सवार तीनों लोग सड़क पर जा गिरे। हादसे के दौरान डंपर ड्राइवर ने आयशा को अपने टायरों के नीचे कुचल दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, ताज मोहम्मद और हिना गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया और आयशा के शव को कब्जे में लेकर सोमवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात डंपर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### विकास नगर के घर में लगी आग, नकदी व सामान जला

**पानीपत।** पानीपत के विकास नगर निवासी जयपाल के घर में आग लग गई। वहीं आग में घर में रखी करीब डेढ लाख रूपये की नकदी, जेवर, कपडे, फ्रिज, बेड, मोटरसाइकिल आदि सामान राख हो गया। इधर, पुलिस की जांच में पता चला कि जयपाल के भतीजे व भतीजी का विवाह होना था। विवाह की तैयारी चल रही थी। एलपीजी गैस पर उपजे हालात को ध्यान में रख कर जयपाल ने अपनी बाइक में पेट्रोल से टैंक फूल करवाया था। घर में खडी बाइक के टैंक से पेट्रोल रिस रहा था और इसके चलते पहले बाइक में आग लगी और फिर पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। वहीं, आसपडोसियों ने आग को काबू करने का काम शुरू किया और दमकल को बुलाया। दमकल ने आग को काबू किया, वहीं, तब तक घर में रखा सभी सामान जल कर राख हो चुका था। जबकि घटना के दौरान जयपाल की पुत्रवुध व पौता धुएं में दम घुटने से बेहोश हो गए। पड़ासियों की मदद से उनको बाहर निकाला गया।

## अमेरिका भेजने के नाम पर 23.16 लाख ठगे

- सीवन माजरा के पूर्व सैनिक गुरचरण सिंह से धोखाधड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा

डंकी रूट से अमेरिका भेजने के नाम पर पूर्व सैनिक सीवन माजरा के गुरचरण सिंह से 23.16 लाख की धोखाधड़ी हो गई। एजेंट ने उनके बेरोजगार बेटे को डंकी के रास्ते अमेरिका भेजने का सपना दिखाया था। पीड़ित का आरोप है कि अमेरिका न भेज पाने पर जब रुपये वापस मांगने पर आरोपियों ने न केवल गाली-गलौज की, बल्कि खुदकुशी कर पीड़ित को झूठे केस में फंसाने की धमकी भी दी। पुलिस ने एजेंट रमनदीप पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पीड़ित गुरचरण सिंह ने बताया कि उनके पास कोई जमीन-जायदाद नहीं है। बेटा बेरोजगार है। पीआरएस ग्लोबल कंपनी के रमनदीप सिंह ने उसके बेटे को कनाडा के रास्ते अमेरिका पहुंचाने के लिए 35 लाख रुपये में सौदा किया। अप्रैल 2024 में 5 लाख रुपये लेने के बाद आरोपियों ने अलग-अलग तारीखों में एसबीआई और बैंक ऑफ बड़ौदा के खातों में तथा नकद राशि के रूप में कुल 23.61 लाख रुपये ऐंठ लिए। पीड़ित ने बताया कि यह भारी-भरकम राशि उन्होंने दूसरों से ब्याज पर पकड़कर दी थी।

#### 25.74 लाख का लगाया चूना

राजोखेड़ी गांव के रहने वाले जरनैल सिंह भी ठगी का शिकार हो गए। अमेरिका भेजने के नाम पर उनसे 25 लाख 74 हजार रुपये की धोखाधड़ी हो गई। शातिर एजेंटों ने परिवार को अमेरिका भेजने के लिए रिश्तेदार के जरिये झांसे में लिया था। पुलिस ने एजेंटों के खिलाफ पर इमिग्रेशन एक्ट सहित धोखाधड़ी की धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। जरनैल सिंह ने बताया कि उनके एक रिश्तेदार यमुनानगर के सुनील कुमार ने उन्हें झांसा दिया था कि उसका दोस्त नरेंद्र विदेश भेजने का काम करता है। सुनील ने रादौर स्थित अपने कार्यालय में उनकी मुलाकात अलीपुर के एजेंट नरेंद्र व उसके साथियों बलवंत व राजपाल से मिलवाया। आरोपियों ने पुत्रवधू मंजू रानी, पौत्र हितेन और जसमेर सिंह को अमेरिका के पक्के कागज दिलाने के नाम पर 60 लाख रुपये मांगे थे। 56 लाख रुपये में सौदा तय हुआ। जरनैल सिंह ने विश्वास करके पासपोर्ट और 8600 यूएस डॉलर खरीदकर उन्हें दे दिए थे। आरोप है कि एजेंटों ने तो उसके परिवार को विदेश भेजा न ही उसके रुपये लौटाए।

### सोने की 30 ग्राम वजनी चेन झपटकर बाइक सवार फरार

**अंबाला।** अंबाला कैंट के खान ढाबे के निकट दोस्त के साथ घर के बाहर खड़े युवक आदित्य ज्ञान चौरसिया से रात 11 बजे बाइक सवार सोने की चेन झपट ले गया। युवक ने दोस्त संग मिलकर आरोपी को पकड़ने का प्रयास करते हुए पीछा भी किया लेकिन हमलावर अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में कामयाब हो गया। अंबाला कैंट थाना पुलिस ने आदित्य की शिकायत पर केस दर्ज किया गया है।

आदित्य ने बताया कि आरोपी का सुराग लगाने के लिए पुलिस इलाके के सीसीटीवी खंगाल रही है। वह अपने दोस्त अभिनव गोयल के साथ घर के सामने अपनी एक्टिवा पर खड़ा था। तभी आरोपी ने गले में डली करीब 30 ग्राम वजन वाली सोने की चेन झपट ली। दोस्त ने तुरंत अपनी स्कूटी से बदमाश का पीछा भी किया, लेकिन हेलमेट पहने होने के कारण उसकी पहचान नहीं हो सकी। छीनाझपटी के दौरान गले पर बदमाश के नाखूनों के निशान भी आए हैं।

### एचएसजीपीसी का शाहबाद के मीरी-पीरी विवाद से कोई संबध नहीं : जगदीश झिंडा

**शाहाबाद** : 20 मार्च को शाहाबाद स्थित मीरी-पीरी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एंड रिसर्च चैरिटेबल ट्रस्ट में हुए विवाद ने अब सियासी रंग ले लिया है। इस मामले को लेकर हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष जगदीश सिंह झिंडा ने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए इसे बलजीत सिंह दादूवाल और उनके साथियों की गंभीर भूल और कानून का उल्लंघन करार दिया है। जगदीश सिंडा झिंडा ने स्पष्ट किया कि हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी का इस पूरे विवाद से कोई संबंध नहीं है। उन्होंने कहा कि कमेटी पूरी तरह नियमों और मर्यादाओं के तहत काम करती है, और किसी भी परिस्थिति में कानून को हाथ में लेने की अनुमति नहीं दी जा सकती। उन्होंने यह भी बताया कि यदि भविष्य में कमेटी की टीम मीरी-पीरी संस्थान का दौरा करती है, तो वह पूरी प्रक्रिया के तहत होगा पहले कार्यकारी बैठक में प्रस्ताव पारित किया जाएगा और फिर जिला प्रशासन को सूचित किया जाएगा। झिंडा ने कहा कि मीरी-पीरी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एंड रिसर्च चैरिटेबल ट्रस्ट को हरियाणा कमेटी के अधीन लाने के लिए मजबूत कानूनी लड़ाई लड़ी जाएगी। जरूरत पडने पर मामला सुप्रीम कोर्ट तक भी ले जाया जाएगा। उन्होंने जानकारी दी कि इस मामले की अगली सुनवाई 20 अप्रैल 2026 को निर्धारित है, जिसके बाद आगे की रणनीति बनाई जाएगी। लेकिन कानून से खिलवाड़ कभी नहीं किया जायेगा।

## गोयल अवार्ड 2026: 45 वर्ष से कम आयु के 4 वैज्ञानिक होंगे सम्मानित

# रसायन विज्ञान में उत्कृष्ट योगदान पर प्रो. मैती को सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में 3 अप्रैल 2026 को आयोजित होने वाला प्रतिष्ठित गोयल पुरस्कार समारोह इस बार खास आकर्षण का केंद्र बनेगा। रसायन विज्ञान के क्षेत्र में अपने उत्कृष्ट और वैश्विक स्तर पर प्रभावशाली शोध कार्यों के लिए प्रख्यात वैज्ञानिक प्रो. देबब्रत मैती को इस सम्मान से नवाजा जाएगा।

यह समारोह विश्वविद्यालय के सीनेट हॉल में भव्य रूप से आयोजित होगा, जिसमें देश-विदेश के नामी वैज्ञानिकों की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। विश्वविद्यालय के कुलगुरु एवं गोयल अवार्ड आयोजन समिति के चेयरमैन प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने बताया कि इस पुरस्कार के तहत 45 वर्ष से कम आयु के चार प्रतिभाशाली वैज्ञानिकों को 'राजीव गोयल पुरस्कार' प्रदान किए जाएंगे। प्रत्येक विजेता को एक पदक, प्रशस्ति-पत्र और एक लाख रुपये की नकद राशि दी जाएगी। आयोजन समिति के सह-अध्यक्ष प्रो. एस.पी. सिंह के अनुसार, प्रो. देबब्रत मैती का जन्म 10 दिसंबर 1980 को हुआ। उन्होंने स्नातक की पढ़ाई यूनिवर्सिटी ऑफ कलकत्ता (2001), परास्नातक आईआईटी बॉम्बे (2003) और पीएचडी जॉन्स हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी (2008) से पूरी की। इसके बाद उन्होंने मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में पोस्टडॉक्टरल शोध किया। वर्ष 2010 में वे आईआईटी बॉम्बे के रसायन विज्ञान विभाग से जुड़े और 2021 में प्रोफेसर बने।

प्रो. मैती ने ट्रांजिशन-मेटल कैटालिसिस, साइट-सेलेक्टिव फंक्शनलाइजेशन और फोटोकेटालिसिस जैसे अत्याधुनिक क्षेत्रों में उल्लेखनीय शोध किया है। उनके शोध ने जटिल औषधियों, प्राकृतिक उत्पादों और उन्नत सामग्री के निर्माण में नई दिशा दी है।



#### 320 से अधिक शोध पत्र अंतरराष्ट्रीय जर्नल्स में हो चुके प्रकाशित


पुरस्कार समिति की संयोजक प्रो. अनीता भटनागर ने बताया कि उनके 320 से अधिक शोध-पत्र अंतरराष्ट्रीय जर्नलों में प्रकाशित हो चुके हैं, जिन्हें 20,000 से अधिक बार उद्धृत किया गया है। उनका एच-इंडेक्स 85 है, जो उनकी वैश्विक वैज्ञानिक प्रतिष्ठा को दर्शाता है। लोक संपर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि प्रो. मैती को शांति स्वरूप भटनागर पुरस्कार (2022) सहित कई प्रतिष्ठित सम्मान मिल चुके हैं। वे रॉयल सोसाइटी ऑफ केमिस्ट्री और इंडियन एकेडमी ऑफ साइंसेज के फेलो भी हैं।

## तख्त श्री दमदमा साहिब तक रेल मार्ग को मंजूरी

### सिख संगत के लिए ऐतिहासिक होगा तोहफा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- अब पांचों तख्त साहिबान को रेल मार्ग से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम



तख्त श्री दमदमा साहिब, तलवंडी साबो (बठिंडा) तक रेल संपर्क को केंद्र सरकार द्वारा मंजूरी दिए जाने का हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी ने जोरदार स्वागत किया है।

कमेटी के प्रधान जत्थेदार जगदीश सिंह झीडा ने इसे सिख संगत के लिए 'अनमोल तोहफा' बताते हुए कहा कि अब पांचों तख्त साहिबान रेल मार्ग से जुड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। उन्होंने बताया कि अब तक चार तख्त साहिब रेल संपर्क से जुड़े थे, लेकिन तख्त श्री दमदमा साहिब इस सुविधा से वंचित था। रेल मंत्रालय के इस निर्णय से न केवल सिख श्रद्धालुओं को बल्कि आम यात्रियों को भी बड़ी सुविधा मिलेगी। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय केंद्रीय रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह के प्रयासों को दिया। झीडा ने बताया कि रामा मंडीझसड्डा सिंहवाला नई ब्रॉड गेज रेल लाइन, मानसा-बठिंडा दोहरीकरण परियोजना के तहत विकसित की जाएगी। करीब 43 किलोमीटर लंबी इस परियोजना पर लगभग 1118 करोड़ रुपये की लागत आएगी, जिससे क्षेत्रीय विकास और परिवहन सुविधाओं में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्रालय का आभार जताते हुए कहा कि यह निर्णय धार्मिक आस्था और बुनियादी ढांचे के विकास को एक नई दिशा देगा।

## खबर संक्षेप

### नरसिंह स्कूल गणित प्रोत्साहन घोषित

**तरावड़ी।** नरसिंह दास पब्लिक स्कूल सीबीएसई द्वारा आर्यभट्ट गणित चैलेंज 2025 सीबीएसई में स्कूल को गणित प्रोत्साहन स्कूल घोषित किया है। यह अपने क्षेत्र का पहला स्कूल है जिसने यह सम्मान पाया है। स्कूल की दो छात्राओं निकिता और शिंपी ने सीबीएसई पंचकूला क्षेत्र में पहले 20 छात्रों में स्थान पाया है। स्कूल समय समय पर स्टेम एजुकेशन के लिए बच्चों को प्रोत्साहित करता रहता है। इसके अंतर्गत विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं और प्रदर्शनियां, क्विज प्रोग्राम, आयोजित किए जाते हैं। स्कूल के बच्चों ने कुरुक्षेत्र साइंस सेंटर, विश्वविद्यालयों तथा टेक्निकल संस्थानों में भी पुरस्कार प्राप्त किए हैं। इस अवसर पर विद्यालय की मैनेजिंग डायरेक्टर श्रीमती मधु गुप्ता ने स्टाफ तथा बच्चों को बधाई दी और इस प्रकार की प्रतaयोगिताओं में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया।

### अंसल सिटी में पेड़ों की अवैध कटाई पर बवाल

**करनाल।** करनाल शहर के अंसल सिटी क्षेत्र में हरे-भरे पेड़ों की अवैध कटाई का मामला सामने आने के बाद स्थानीय लोगों में भारी रोष देखने को मिला। सूचना मिलने पर क्षेत्रवासियों ने मौके पर पहुंचकर विरोध जताया और पुलिस व वन विभाग को बुलाया। स्थानीय निवासी आशीष मित्तल ने बताया कि वह एक सप्ताह बाद लौटे तो देखा कि कुछ लोग पेड़ों की कटाई कर रहे हैं। पूछने पर पहले उन्होंने छंटाई की बात कही, लेकिन बाद में स्पष्ट हुआ कि पेड़ों को पूरी तरह काटा जा रहा है। लोगों का आरोप है कि करीब 500 से 700 पेड़ों पर आरी चलाई गई और 100 से अधिक ट्रॉलियां लकड़ी यहां से ले जाई जा चुकी हैं। जब कुछ लोगों ने ट्रॉलियां रोकने की कोशिश की तो संबंधित लोगों ने उन्हें धमकाया।

सूचना मिलते ही पुलिस और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और हालात का जायजा लिया। टीम ने मौके पर पेड़ काटने में लगे लोगों को काबू कर लिया और मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रशासन का कहना है कि जांच के बाद जो भी दोषी पाए जाएंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### जिले में पेट्रोल, डीजल व गैस की आपूर्ति सामान्य अफवाहों से बचें : डीसी

**करनाल।** उपायुक्त उत्तम सिंह ने स्पष्ट किया है कि जिले में पेट्रोल, डीजल और घरेलू एलपीजी गैस की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य बनी हुई है। गैस सिलेंडरों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और उपभोक्ताओं को नियमानुसार 25 दिन बाद सिलेंडर की आपूर्ति पहले की तरह की जा रही है। उन्होंने आमजन से अपील की कि किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें और घबराने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि लोग केवल आवश्यकता अनुसार ही सिलेंडर लें, अनावश्यक संग्रह से अन्य उपभोक्ताओं में भय का माहौल बनता है। जिला प्रशासन द्वारा आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए लगातार निगरानी की जा रही है। जिला खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले नियंत्रक मुकेश कुमार ने बताया कि जिले में 42 गैस एजेंसियों के माध्यम से नियमित आपूर्ति हो रही है। कालाबाजारी और जमाखोरी पर कड़ी नजर रखते हुए 55 सिलेंडर जब्त किए गए हैं। जिले में 4,43,824 घरेलू और 3,333 वाणिज्यिक गैस कनेक्शन हैं।

## भगत सिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

# शहीदी दिवस पर कांग्रेस सेवादल ने श्रद्धांजलि अर्पित कर किया नमन

### युवाओं से देश सेवा और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

कांग्रेस सेवादल ने शहीदी दिवस के अवसर पर कर्ण पार्क स्थित शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने शहीदों के बलिदान को याद किया।

वक्ताओं ने कहा कि शहीदों की कुर्बानियां देश के लिए अमूल्य हैं और युवा पीढ़ी को उनके आदर्शों पर चलना चाहिए। उन्होंने देश सेवा और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। कार्यक्रम में राजेश वैध, अनिल शर्मा, बलजीत चौहान, जसबीर पानु, हरदीप कौर, मदन राणा, सुनीता रानी सहित अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



कर्ण पार्क में शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित करते कांग्रेसी।



करनाल। कार्यक्रम में मौजूद गणमान्य व्यक्ति। फोटो : हरिभूमि

### आंबेडकर भवन में सामाजिक उत्थान कार्यों की सराहना

करनाल। अंबेडकर समाज कल्याण सभा द्वारा सेक्टर-16 स्थित अंबेडकर भवन में आयोजित कार्यक्रम में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के पौत्र डॉ. भीमराव यशवंत राव अंबेडकर ने विशेष रूप से भाग लिया। उन्होंने भवन का निरीक्षण कर सभा द्वारा चलाए जा रहे सामाजिक उत्थान के कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि संस्था समाज सेवा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रही है और सभी सदस्यों को इसी प्रकार समाज हित में कार्य करते रहना चाहिए। सभा के प्रधान अमर सिंह पातलान व अन्य सदस्यों ने उनका स्वागत किया। कार्यक्रम में अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।




करनाल। शहीदी दिवस पर आयोजित सभा में शहीदों को श्रद्धांजलि देते कर्मचारी संगठन के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

## शहीदों के आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा व विभिन्न संगठनों द्वारा शहीदी दिवस पर मानव सेवा संघ सभागार में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम में शहीदों के जीवन और उनके बलिदान पर विस्तार से चर्चा की गई। सभा के बाद कर्ण पार्क में शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई और दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। वक्ताओं ने कहा कि शहीदों के दिखाए मार्ग पर चलकर ही समाज में न्याय, समानता और भाईचारे को मजबूत किया जा सकता है। उन्होंने वर्तमान परिस्थितियों में जनहित के मुद्दों पर एकजुट होकर संघर्ष करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में विभिन्न कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

## सत्संग के बिना जीवन में विवेव संभव नहीं : अशोक




तरावड़ी। मंच से कथा वर्णन करते हुये कथाव्यास अशोक। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नीलोखेड़ी

श्री राम नवमी के उपलक्ष्य में श्री सनातन धर्म मंदिर नीलनगर में आयोजित श्रीराम कथा महोत्सव के दौरान कथा व्यास डाक्टर अशोक पांडेय ने सत्संग जीवन में हो तो भ्रम का निवारण होकर ब्रह्म के दर्शन भी संभव है अन्यथा भगवान महादेव के साथ होने के बावजूद मां भवानी भी ब्रह्म को अपने सम्मुख देखकर भी भ्रमित हो गई ,ओर वह भगवान राम की परीक्षा लेने सीता का रुप धारण करने के लिए स्वयं को रोक न सकी चूंकि जीवन में सत्संग का अभाव था। इसलिए जीवन में भगवान की कथाओं को श्रवण कर आत्मसात करने से जीवन सार्थक हो सकता है

डा. पांडेय ने कहा रावण जो स्वंय प्रकांड विद्वान होने के बावजूद वह राम को सामने देखकर भी न पहचान पाया चंकि उसके जीवन में सत्संग का भी अभाव था जिस कारण उसमें विद्वान होने का तो अहंकार था पर अहंकार का ज्ञान नहीं था। कथाव्यास अशोक पांडेय ने कहा कि भगवान के प्रकट होने कारण अनेक हैं वह जब धर्म की हानि होने लगती है शह भक्तों की भक्ति के वशीभूत होकर भगवान विष्णु संशय कभी राम तो कभी परशुराम के रुप में तो कभी कृष्ण के रुप में एवं कभी बालक प्रह्लाद की रक्षा हेतु नरसिंह के रुप में भी भगवान प्रकट होने से नहीं चूकते।

### स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित भी किया

श्री सनातन धर्म मंदिर सभा नीलनगर के अध्यक्ष शिव नाथ कपूर ने बताया कि 26मार्च को विशाल भण्डारे के साथ कथा का समापन होगा। आज विशिष्ट अतिथि के रुप में हरियाणा कर्मचारी चयन बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष एवं कांग्रेस के ग्रामीण जिलाध्यक्ष डाक्टर राजेश वैध उपस्थित रहे जिन्हें सभा की ओर स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित भी किया गया। इनके आलावा पंजाबी सभा के प्रधान प्रेम सचदेवा, राजीव आनंद, अशोक मल्होत्रा,निखिल मलिक, भोलानाथ कपूर,अश्वनि शर्मा,वेद कटारिया,संजय मैहता,एडवोकेट नवीन कपूर, कृष्ण लाल धवन,गुलशन मल्होत्रा,जगदीश वर्मा सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## शहीदी दिवस पर किसानों ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि, आंदोलन जारी

■ सर्विस लेन निर्माण की मांग को लेकर किसान डटे, आंदोलन तेज करने की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

भाकियू के प्रदेश अध्यक्ष रतन मान के नेतृत्व में किसानों ने शहीदी दिवस पर भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को श्रद्धांजलि अर्पित की। आंदोलन स्थल पर पुष्प अर्पित कर किसानों ने शहीदों के बलिदान को याद किया और अपने अधिकारों की लड़ाई को मजबूत करने का संकल्प लिया। गांव शेखपुरा सोहाना के पास करनाल रिंग रोड पर सर्विस लेन निर्माण की मांग को लेकर किसानों का अनिश्चितकालीन धरना सोमवार को 46वें दिन में प्रवेश कर गया। किसानों ने कहा कि यह संघर्ष केवल सड़क निर्माण नहीं बल्कि क्षेत्र के विकास और आमजन की सुविधा का है। रतन मान ने चेतावनी दी कि यदि जल्द मांग पूरी नहीं हुई तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा। 46 दिन से जारी धरना सर्विस लेन निर्माण की मांग, शांतिपूर्ण आंदोलन जारी, मांग पूरी न होने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी।



धरना स्थल पर शहीद भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव को श्रद्धांजलि देते किसान।

### दुकान से चोरी हुआ कपड़ा बरामद, दो लिए रिमांड पर

**करनाल।** जिला पुलिस की सीआईए-3 टीम ने चोरी के मामले में बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। टीम ने निरीक्षक अजेय कुमार के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए आरोपी अर्जुन शर्मा निवासी जालंधर को न्यू बस स्टैंड क्षेत्र से काबू किया।

आरोपी के कब्जे से चोरीशुदा कपड़ा बरामद किया गया है। शिकायत के अनुसार 2-3 मार्च की रात को ओल्ड सब्जी मंडी स्थित दुकान का ताला तोड़कर साड़ी स्टॉक और नकदी चोरी की गई थी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान कर उसे गिरफ्तार किया। आरोपी को अदालत में पेश कर दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

## विधायक रामकुमार कश्यप ने सुनीं हलके के लोगों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप ने सोमवार को सिंचाई विभाग के विश्राम गृह में जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत हल्के की जनता की समस्याओं को सुना। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को जनसमस्याओं के त्वरित समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर विधायक रामकुमार कश्यप ने कहा कि आमजन की समस्याओं का समाधान करना उनका प्राथमिक कर्तव्य है। हर सोमवार को जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया जाता है ताकि आमजन की समस्याओं का जल्द समाधान हो तथा उन्हें सरकार द्वारा चलाई जा रही सुविधाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार अंत्योदय की भावना के साथ काम कर रही है। सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। जनसुनवाई के दौरान कर्म सिंह, रामधन, कपूरचंद, शिवकुमार, पाला राम, सतीश कुमार पंचाल, रणबीर सिंह, कांता देवी, भारत भूषण सहित अन्य अपनी समस्या लेकर पहुंचे। विधायक ने सभी समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना व संबंधित अधिकारियों को इनके समाधान के निर्देश दिए।



इंद्री। हलके के लोगों की समस्याएं सुनते विधायक रामकुमार कश्यप।

## लक्ष्य जनहित सोसाइटी का अभियान जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

लक्ष्य जनहित सोसाइटी द्वारा चलाए जा रहे "ट्री गार्ड फ्री ट्री" अभियान के तहत सेक्टर-13 के पार्क नंबर-5 में पेड़ों को ट्री गार्ड से मुक्त किया गया। ट्री गार्ड के कारण जख्मी हो चुके पेड़ों को काटकर उन्हें राहत दी गई। सोसाइटी के फाउंडर चेयरमैन दिनेश बक्शी ने बताया कि यह अभियान एक जुलाई से शुरू हुआ था और अब तक 2829 पेड़ों को इस समस्या से मुक्त किया जा चुका है। यह मुहिम करनाल के साथ नीलोखेड़ी, तरावड़ी, इंद्री, कुरुक्षेत्र और भिवानी तक पहुंच चुकी है। 2829 पेड़ों को मिली राहत, पेड़ों से कील, पोस्टर भी हटाए गए, कई जिलों में अभियान सक्रिय, जब तक एक भी पेड़ जख्मी, मुहिम जारी।



ट्री गार्ड हटाकर पेड़ों को राहत देते लक्ष्य जनहित सोसाइटी के सदस्य।

## खेल, फिटनेस और मनोरंजन गतिविधियों में दिखाया उत्साह

■ फिट इंडिया कार्निवाल का कर्ण स्टेडियम में समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

भारतीय खेल प्राधिकरण और फिट इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय फिट इंडिया कार्निवाल का समापन कर्ण स्टेडियम में हुआ। समापन समारोह में असंध के विधायक योगिंदर सिंह राणा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री के प्रतिनिधि कंविंदर राणा, फिटनेस इन्फ्लुएंसर अंकित बायनपुरिया, पूर्व भारतीय हैंडबॉल उप-कप्तान एवं गायक नवीन पुनिया सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। अतिथियों ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए फिटनेस को जीवन का हिस्सा बनाने का संदेश दिया। कार्निवाल के दौरान बास्केटबॉल, हैंडबॉल, कबड्डी और वॉलीबॉल जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इसके साथ ही बीएमआई चेक, न्यूट्रिशन परामर्श और विभिन्न जागरूकता गतिविधियां भी आयोजित की गईं। मनोरंजन के लिए टग ऑफ वॉर, म्यूजिकल चेयर, चेस, लेमन रेस सहित कई रोचक प्रतियोगिताओं ने आयोजन को आकर्षक बनाया। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन को स्वस्थ और सक्रिय जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा।



करनाल। कर्ण स्टेडियम में फिट इंडिया कार्निवाल के समापन अवसर पर उपस्थित अतिथिगण।

## हैदराबाद सत्याग्रह समर्पण दिवस पर विद्यार्थियों ने दी श्रद्धांजलि

■ महात्मा खुशहालचंद के त्याग व संघर्ष को किया याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर-9 में महात्मा खुशहालचंद गिरफ्तारी दिवस एवं हैदराबाद सत्याग्रह आंदोलन समर्पण दिवस श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित विशेष कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने भाषण और भजन प्रस्तुत कर स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान को याद किया।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना से हुई, जिसके बाद विद्यार्थियों ने महात्मा खुशहालचंद के जीवन, उनके संघर्ष और आर्य समाज के माध्यम से किए गए सामाजिक व धार्मिक जागरण पर प्रकाश डाला। विद्यार्थियों ने बताया कि हैदराबाद रियासत में अन्याय के खिलाफ आर्य समाज ने सत्याग्रह आंदोलन का नेतृत्व कर लोगों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया।

वक्ताओं ने कहा कि 22 मार्च को उनकी गिरफ्तारी ने आंदोलन को नई मजबूती दी और हजारों लोगों को अन्याय के खिलाफ खड़े होने की प्रेरणा मिली। विद्यालय की प्राचार्या अंजना पांडे व शिक्षकों ने विद्यार्थियों को महान स्वतंत्रता सेनानियों के आदर्शों को जीवन में अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम का समापन देशभक्ति भजन के साथ हुआ।

### अल्फा सिटी में माता रानी की भव्य चौकी के दौरान भक्ति में सराबोर हुए भक्त



करनाल। अल्फा सिटी में माता रानी की चौकी के दौरान भजन प्रस्तुति देते गायक व उपस्थित श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

**करनाल।** अल्फा सिटी के निवासियों द्वारा नवरात्रों के पावन अवसर पर विशाल माता रानी की चौकी का भव्य आयोजन किया गया। पूरे क्षेत्र में भक्ति, श्रद्धा और उल्लास का वातावरण देखने को मिला। विशेष रूप से श्रद्धालु भक्त ज्वाला जी से पावन ज्योत लेकर आए, जिसे अल्फा सिटी में विधिवत प्रज्वलित किया गया। ज्योत के स्वागत में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। यह पावन ज्योत क्षेत्र के प्रत्येक घर तक पहुंचाई गई, जहां परिवारों ने सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। चौकी के दौरान पंजाब के प्रसिद्ध भजन गायक हर्ष सिकंदर ने अपने भजनों से श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। उन्होंने "मेरी पहचान तेरा नाम दातिए", "जय काली कलकत्ते वाली" सहित कई भजनों का गायन कर भक्तिमय माहौल बना दिया।

## वार्ड 5 में सामुदायिक केंद्र में किचन व स्टोर रूम का निर्माण

# विधायक ने तरावड़ी में दी करोड़ों के विकास की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

विधायक भगवान दास कबीरपंथी ने आज नगर वार्डों में विभिन्न विकास कार्यों का विधिवत शुभारंभ किया। इस दौरान शहर के अलग-अलग वार्डों में सडक़, नालियों, सामुदायिक भवन और अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़े कार्यों की शुरुआत की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, इन विकास कार्यों पर लगभग 198.28 लाख रुपये की राशि खर्च की जाएगी। प्रमुख कार्यों में वार्ड 11 में मैस्टिक एस्फाल्ट सडक़ निर्माण, विभिन्न वार्डों में सडक़ों व नालियों की मरम्मत, टाइप आरसीसी ड्रेन का निर्माण, करनाली गेट क्षेत्र में योगा शेड व स्टील रेलिंग, वार्ड 4 में सडक़ व ड्रेन निर्माण, सरकारी स्कूल के पास चौपाल का निर्माण, वार्ड 9 में सडक़ निर्माण, वार्ड 3 में विभिन्न सडक़ों व नालियों की मरम्मत, वार्ड 5 में सामुदायिक केंद्र में किचन व स्टोर रूम का निर्माण तथा वार्ड 6 में सामुदायिक केंद्र का कार्य शामिल है।



तरावड़ी। विकास कार्यों का शुभारंभ करते विधायक भगवानदास कबीरपंथी, नगर पार्षद व गणमान्य लोग। फोटो : हरिभूमि

### शहरवासियों को बेहतर सुविधाएं देने का वादा

विधायक कबीरपंथी ने कहा कि प्रदेश सरकार शहर के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है और हर वार्ड में आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि इन कार्यों से शहरवासियों को बेहतर आवागमन, सफाई व्यवस्था और सामुदायिक सुविधाएं मिलेंगी। इस अवसर पर नगर पालिका अभियंता राजकुमार, नगर पालिका अध्यक्ष वीरेंद्र बंसल, नगर पालिका सचिव अजीत कुमार, पार्षद ओमप्रकाश मल्होत्रा, पार्षद नरेश गाबा, पार्षद लखविंदर लकी, पार्षद जगजीत सिंह, मंडी प्रधान सुभाष गुप्ता, भाजपा मंडल अध्यक्ष शिवम बंसल, राजीव नारंग, नरेश बंसल, लेखाकार जय चन्द, पार्षद कमल जांगड़ा, रंजीत भारद्वाज, पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रवीण गुप्ता सहित शहर के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### शहीदी दिवस पर कांग्रेस ने किया नमन

करनाल। शहीदी दिवस के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा बस स्टैंड के नजदीक स्थित पार्क में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया गया।

जिलाध्यक्ष पराग गाबा के नेतृत्व में कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता एकत्रित हुए और वीर शहीदों के बलिदान को याद किया। पराग गाबा ने कहा कि देश को आजादी लाखों वीरों के त्याग और बलिदान से मिली है, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव ने कम उम्र में ही देश के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए और हंसते-हंसते फांसी का फंदा चूम लिया।

## खबर संक्षेप

### गैस की बुकिंग में जल्दबाजी से बचें

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने कहा कि जिला में एलपीजी गैस का स्टॉक पर्याप्त है। उन्होंने उपभोक्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि गैस की बुकिंग में अनावश्यक जल्दबाजी से बचें और सामान्य रूप से अपनी बुकिंग कराएं। अगर कोई अधिक दाम वसूले या जमाखोरी करे, तो इसकी शिकायत अवश्य करें। जमाखोरों व कालाबाजारी करने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा।

### महंगाई से प्रदेश की जनता परेशान

**पानीपत।** समाजसेवी देवी दयाल अग्रवाल ने कहा कि पीएम मोदी वर्ष 2014 में चुनाव से पूर्व देश की जनता से वादा किया था कि उनकी सरकार बनने पर देश से महंगाई घटाने का काम किया जाएगा। जबकि अब 12 वर्ष से उनकी सरकार है तथा वह प्रधानमंत्री का कार्यभार संभाल रहे हैं उसके बावजूद महंगाई कम होने की बजाए कई गुणा बड़ी है। जिससे देश की गरीब जनता को अपने बच्चे पालने के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### शहीद ए आजम भगत सिंह को दी श्रद्धांजलि

**समालखा।** ऑल इंडिया यूनाइटेड ट्रेड यूनियन सेंटर जिला कमेटी की तरफ से शहीद ए आजम भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव को बलिदान दिवस पर महेंद्र सिंह सभागृह में भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। जबकि मुख्य वक्ता इंद्र सिंह कहा कि आजादी आंदोलन में देश के सपूत शहीद भगत सिंह ने नारा दिया था कि शोषण देसी हो या विदेशी उखाड़ फैंकों। इस अवसर शेर सिंह, दलबीर सिंह, राममेहर गढी छाजू, जीत सिंह, राजवीर, सुरेश आदि उपस्थित रहे।

### पुलिस ने चोरी के तीन आरोपी पकड़े

**पानीपत।** थाना सदर पुलिस ने एचएसआईडीसी में कंस्ट्रक्शन साइट से लोहे का सामान व बिजली की केबल चोरी करने वाले तीन आरोपियों संदीप पुत्र सुनेहरा, संजय पुत्र नफे सिंह व कश्मीरी पुत्र राजपाल निवासी गांव कुताना जिला करनाल को एचएसआईडीसी में पावर हाउस से पास से गिरफ्तार किया है। थानेदार सदर नीरज ने बताया कि तीनों आरोपियों ने मिलकर 21 मार्च की रात एचएसआईडीसी में निर्माणाधीन साइट से सरिये, लोहे की पाइप व बिजली की केबल चोरी किए थे।

### जुआ खेलते छह आरोपी पकड़े

**पानीपत।** थाना मतलौडा पुलिस ने गांव थिराना आसन रोड पर जिंदल फैक्टरी के सामने खाली प्लाट में छह युवकों पुष्पेंद्र पुत्र सुखराम, विक्की पुत्र रमेश, राजेंद्र पुत्र जयमल, पूर्णलाल पुत्र सीताराम, हरीश पुत्र बालाराम निवासी गांव मतलौडा व सूरजभान पुत्र दरिया सिंह निवासी गांव अदियाना जिला पानीपत को जुआ खेलते गिरफ्तार किया है। थानेदार मतलौडा राजेश ने बताया कि पुलिस ने आरोपियों के पास से जुआ खेलने में प्रयुक्त एक जोड़ी ताश पत्ते व दाव पर लगी 26100 रुपये की नगदी व नोट बुक बरामद हुई है।

### तत्क्षण कहानी वाचन सीखा

**पानीपत।** आईबी पीजी कॉलेज के अंग्रेजी विभाग द्वारा बीए ऑनर्स द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए तत्क्षण कहानी-वाचन गतिविधि का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों की रचनात्मकता, त्वरित चिंतन क्षमता तथा मौखिक अभिव्यक्ति को विकसित करना था। कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सतवीर सिंह व विभागाध्यक्षा डॉ. नीलम के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ।

### महिला सरपंच ने दबंगों की शिकायत दी

**पानीपत।** समालखा के गांव मनाना की महिला सरपंच रेखा देवी ने गांव के ही निवासी जोगिंद्र व हरियाणा ट्यूबवेल ट्रेड्स के दुकानदार रणधीर पर सरकारी संपत्ति के गबन, लाखों की धोखाधड़ी और उन्हें व उनरके परिवार को जान से मारने की धमकी देने के गंभीर आरोप लगाए हैं। सरपंच रेखा ने समालखा थाना को लिखित शिकायत देकर आरोपियों पर केस दर्ज करने व उन्होंने सुरक्षा प्रदान करने की मांग की है।

## बेटियों को शिक्षित कर विकास के अवसर दें अभिभावक: सैनी

# नारी सशक्तिकरण से भारत बनेगा विकसित राष्ट्र: ढांडा

*सुभाष कबीरपंथी ने कहा कि दहेज प्रथा, नशा मुक्ति जैसी कुरीतियों को खत्म करने के लिए महिलाओं को आगे आना होगा। उन्होंने पानीपत में सतगुरु कबीर साहेब के नाम पर स्कूल के नामकरण की मांग की*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

पानीपत की देशराज कॉलोनी स्थित कबीर धर्मशाला में राष्ट्रीय कबीरपंथी समाज सभा द्वारा नारी शक्ति सम्मान समारोह किया गया। जिसमें शिक्षा मंत्री हरियाणा महिपाल ढांडा के बड़े भाई व प्रसिद्ध उद्योगपति व समाजसेवी हरपाल ढांडा व पानीपत मेयर कोमल सैनी ने अतिथि के रूप में शिरक की। वहीं, भाजपा अनुसूचित मोर्चा पानीपत के जिला महामंत्री व राष्ट्रीय कबीरपंथी समाज सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष चंद कबीरपंथी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता व मंच संचालन किया। कार्यक्रम में अशोक कादयान को राष्ट्रीय कबीरपंथी समाज सभा का जिलाध्यक्ष, त्रिलोकी को उपाध्यक्ष, नैंसी को महासचिव, पूजा, माला, राजवीर व बबीता को सचिव पद की जिम्मेदारी दी गई, इन्हें हरपाल ढांडा व मेयर कोमल सैनी ने शॉल ओढ़ाकर का सम्मानित किया। दूसरी ओर, हरपाल ढांडा ने कहा कि देश की तरक्की में कबीरपंथी समाज का अहम योगदान है। जबकि मेयर कोमल सैनी ने महिलाओं के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित करने पर कबीरपंथी समाज व सुभाष चंद कबीरपंथी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नारी सशक्तिकरण के बल पर ही भारत आत्मनिर्भर व विकसित राष्ट्र बनेगा। उन्होंने कबीरपंथी समाज से आग्रह किया कि वे अपनी बेटियों को शिक्षित कर विकास के अवसर उपलब्ध करवाए। इधर, सुभाष कबीरपंथी ने कहा कि दहेज प्रथा, नशा मुक्ति जैसी कुरीतियों को खत्म करने के लिए महिलाओं को आगे आना होगा। उन्होंने पानीपत में सतगुरु कबीर साहेब के नाम पर स्कूल के नामकरण की मांग की।



**पानीपत।** राष्ट्रीय कबीरपंथी समाज सभा के कार्यक्रम में हरपाल ढांडा व मेयर कोमल सैनी, बेटियों को सम्मानित करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

# नवरात्र महोत्सव पर मां के भजनों से भक्तिमय हुआ पानीपत शहर

- मां के पूजन को प्रति दिन हजारों श्रद्धालु मंदिर में आ रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत


पानीपत में मॉडल टाउन स्थित श्री सनातन धर्म मंदिर में आयोजित सात दिवसीय नवरात्र महोत्सव में आयोजित भजन संध्या में दिल्ली से पधारे बॉलीवुड के सुप्रसिद्ध गायक विक्रांत मारवाह और गीता मारवाह ने मां के लिए गाए अपनी जादुई आवाज़ और रूहानी प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं, कार्यक्रम का शुभारंभ मां भगवती की पावन ज्योति प्रज्वलित कर किया गया। इधर, मंदिर प्रबंधन समित के प्रधान तरुण गांधी ने बताया कि मां के पूजन को प्रति दिन हजारों श्रद्धालु मंदिर में आ रहे है। वहीं, प्रति दिन मां के पेजन को विशाल अमृतमय भंडारे के साथ विराम दिया जा रहा है।



**पानीपत।** श्री सनातन धर्म मंदिर में मां का पूजन करते हुए श्रद्धालु। **फोटो : हरिभूमि**

## हिंदू महासभा ने नवरात्रों में मीट की दुकानें बंद करवाई

**पानीपत।** पानीपत में शारदीय नवरात्रों के पावन अवसर पर मर्यादा और सरकारी आदेशों का पालन सुनिश्चित करने के लिए अखिल भारत हिंदू महासभा ने कड़ा रुख अपनाया है। महासभा के पदाधिकारियों ने शहर के विभिन्न इलाकों में सरेआम खुली मीट की दुकानों को बंद करवाने के लिए खुद मोर्चा संभाल लिया है। महासभा के प्रदेश महासचिव अमरदीप राजवंश, राज्य मीडिया प्रभारी प्रदीप रेढू के नेतृत्व में टीम ने शहर के कई संवेदनशील और मुख्य क्षेत्रों का दौरा किया। उन्होंने कहा पानीपत नगर निगम की नाक के नीचे सरेआम अवैध मीट की दुकानें खुली हुई हैं, लेकिन प्रशासन इस ओर बिल्कुल भी ध्यान नहीं दे रहा है। जबकि हरियाणा सरकार की ओर से नवरात्रों के उपलक्ष्य में मीट की दुकानों को बंद रखने के स्पष्ट लिखित आदेश जारी कर रखे है। वहीं, अभियान के दौरान महासभा की टीम ने किसी प्रकार के विवाद के बजाय अपील का रास्ता चुना। टीम ने सैकडों मीट विक्रेताओं से बातचीत की और उन्हें सरकारी आदेशों का हवाला देते हुए दुकानें बंद करने को कहा।



**पानीपत।** मीट की दुकानें बंद कराते हुए हिंदू महासभा के सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

## हरियाणा महिला कबड्डी टीम ने सिल्वर मेडल जीता

**पानीपत।** मध्य प्रदेश के सतना में आयोजित पांचवें फेडरेशन कप कबड्डी प्रतियोगिता में हरियाणा महिला कबड्डी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीता है। वहीं हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री एवं एमेच्योर कबड्डी एसोसिएशन हरियाणा के अध्यक्ष कृष्ण लाल पंवार ने विजेता टीम को शुभकामनाएं दी है। हालांकि हरियाणा की टीम फाइनल मैच में रेलवे के टीम पराजित हुई, फिर भी हरियाणा टीम का प्रदर्शन टूर्नामेंट में शानदार रहा। सेमीफाइनल में हरियाणा टीम ने हिमाचल प्रदेश की मजबूत टीम को शिकस्त दी। इधर, एमेच्योर कबड्डी एसोसिएशन हरियाणा के चेयरमैन कुलदीप दलाल, महासचिव नसीब जांघू आदि ने विजेता टीम को बधाई दी।



**पानीपत।** हरियाणा महिला कबड्डी टीम प्रसन्न मुद्रा में। **फोटो : हरिभूमि**



**पानीपत।** आईबी कॉलेज के विजेता विद्यार्थी। **फोटो : हरिभूमि**

## टैगलाइन प्रतियोगिता आयोजित

**पानीपत।** आईबी पीजी कॉलेज में वाणिज्य विभाग द्वारा बीकॉम तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए टैगलाइन प्रतियोगिता करवाई। निर्धारित समय सीमा में विद्यार्थियों ने आकर्षक, प्रभावशाली और यादगार टैगलाइन प्रस्तुत की। इधर, प्राचार्य डॉ. सतवीर सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धात्मक युग में सफलता प्राप्त करने के लिए रचनात्मकता, नवाचार और आत्मविश्वास अत्यंत आवश्यक हैं। वहीं, टैगलाइन केवल कुछ शब्दों का समूह नहीं होती, बल्कि वह किसी भी उत्पाद या ब्रांड की पहचान और उसकी आत्मा होती है। वहीं, डिजिटल युग में मार्केटिंग के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। वहीं, प्रतियोगिता में प्रथम खुशी जैसवाल, द्वितीय सलोनी और प्रीति, तृतीय नविता जैन और महविश रही। जबकि सांत्वना पुरस्कार काजल और निशा को दिया गया। इस अवसर पर डॉ. सुनित शर्मा निशा गोयल आदि उपस्थित रहे।

## एलपीजी के लिए कांग्रेस ने प्रदर्शन किया

**पानीपत।** कांग्रेस कमेटी पानीपत ग्रामीण के नेतृत्व में सोमवार को सनौली रोड स्थित बबैल नाका पर स्वतंत्रता सेनानी सरदार मूल सिंह चौक के पास एलपीजी गैस की भारी किल्लत के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया गया। कांग्रेस जिला अध्यक्ष रमेश मलिक ने कहा कि आम जनता गैस की कमी से परेशान है। घरों के चूल्हे ठंडे पड़ रहे हैं लेकिन सरकार इस गंभीर मुद्दे पर चुप है। कांग्रेस पार्टी जनता की इन समस्याओं को लेकर लगातार संघर्ष कर रही है और आगे भी हर स्तर पर जनता के हकों के लिये संघर्ष जारी रहेगा। वहीं इस मौके पर शहीदी दिवस पर देश के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा दो मिनट का मौन रखकर उनके बलिदान को नमन किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस नेता सचिन कुंडू, बलबीर बाल्मीकि, धर्मबीर मलिक, दीपक खटकड़, ओमवीर पंवार, प्रियांश मलिक, मोहित मलिक, सुरेंद्र अहलावत, जसबीर पन्नू, बिंटू मलिक, मेंद्र अहलावत, सन्नी मलिक, नरेंद्र सुरा, भूपिंद्र मलिक, विजय जैन अंकित सहरावत आदि उपस्थित रहे।




**पानीपत।** कांग्रेस के प्रदर्शन को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष रमेश मलिक।

## मोह वृत्तियों का त्याग करें नागरिक: भारती



**पानीपत।** दिव्य ज्योति जागृति संस्थान के आश्रम में सर्वश्री आशुतोष महाराज जी की शिष्या साध्वी सुश्री राजेश्वरी भारती ने प्रवचन करते हुए कहा कि अपने जीवन संग्राम की प्रत्येक विपरीत परिस्थिति के विरोध में एक मनुष्य तब ही गांडीव उठा सकता है जब उसके भीतर मोहवृत्तियों का नाश हो जाए और इसके लिए तत्त्ववेत्ता श्री कृष्ण सदृश सतगुरु का होना अनिवार्य है। श्री कृष्ण मायापति होने के कारण माया से सर्वथा निर्लिप्त हैं। यही कारण था कि वह ब्रह्मज्ञान द्वारा अर्जुन को मोह व अज्ञान रूपी दलदल से बाहर निकाल लाए।

# मशाल जुलूस निकाल कर शहीदों को नमन किया

- मशाल जुलूस के माध्यम से युवाओं से देश, समाज और मानवता की सेवा करने की अपील की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ समालखा

शहीद ए आजम भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के शहीदी दिवस पर हरियाणा ज्ञान विज्ञान समिति और शहीद भगत सिंह यूथ ग्रुप राक्सेडा के तत्वावधान में सिंबलगढ, बुढन्नपुर तथा बसेड़ा में मशाल जुलूस निकाला कर बलिदानियों को नमन किया गया।

मशाल जुलूस के माध्यम से युवाओं से देश, समाज और मानवता की सेवा करने की अपील की गई। वहीं, सिम्बलगढ़ में प्रधान दीपक, ज्ञान विज्ञान समिति युनिट के प्रधान अनुज, कर्म सिंह ने मशाल में अग्नि प्रज्वलित कर जुलूस की शुरुआत की। बुढन्नपुर में स्वागत सरपंच सुशील त्यागी व पंचायत सदस्यों ने युवाओं को शहीदों के विचारों व कुर्बानी से प्रेरणा लेने का संदेश दिया।

इस अवसर पर राकेश, हरियाणा ज्ञान विज्ञान समिति की जिला प्रधान शीतल, सतनाम, मोमीन, संदीप, संजय सैनी, मुकेश, सतीश चौहान, लखविंदर, लवली, वीर सिंह, रामनिवास, प्रवीण करहंस, सत्येंद्र पाल, आशु, दीपिका, पुष्पा, नीलम, देवजनी, सागर, उदय, संजय सैनी व डॉ.राकेश शामिल रहे।




**समालखा।** शहीदों की याद में मशाल जुलूस निकालते हुए नागरिक। **फोटो : हरिभूमि**

# किसानों ने भगत सिंह, शिवराम राजगुरु और सुखदेव थापर को भावभीनी श्रद्धांजलि दी

- प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर देश के महान नायकों को याद किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

पानीपत के इसराना स्थित चौधरी छोटू राम किसान भवन में शहीदी दिवस का आयोजन किया गया। किसानों ने महान क्रांतिकारियों भगत सिंह, शिवराम राजगुरु और सुखदेव थापर को भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए उनकी प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर देश के महान नायकों को याद किया गया। इधर, समाजसेवी रामकिशन जौंधन ने कहा कि क्रांतिकारियों के बलिदान के बल पर भारत आजाद हुआ और अब हम सभी प्रजातांत्रिक देश में निवास कर रहे है। उन्होंने कहा कि भगत सिंह, सुखदेव थापर और शिवराम राजगुरु के बलिदान से देश में क्रांति की नई लौ जली थी, जिसने भारत के स्वतंत्रता संग्राम को और अधिक गति प्रदान की।



**पानीपत।** इसराना गांव में शहीदों को नमन करते हुए किसान। **फोटो : हरिभूमि**

## वामपंथियों ने ट्रंप व नेतन्याहू का पुतला जलाया

**पानीपत।** शहीद यादगार समिति ने शहीद शहीद भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव का बलिदान दिवस साम्राज्यवाद सांप्रदायिकता विरोधी दिवस के रूप में मनाया। वहीं सभा में मौन धारण कर शहीदों को नमन किया गया। दूसरी ओर, जीटी रोड पर संविधान चौक पर अमेरिकी साम्राज्यवाद के खिलाफ वामपंथियों ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप और इसराइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू के पुतले जलाए। आंदोलन में सीटू राज्य सचिव सुनील दत्त, एटक राज्य सचिव का.दरियाव कश्यप, डॉ.सुरेंद्र मलिक, राजपाल, कुंवर सिंह छौक्कर, सीताराम शर्मा, जयकरण कादयान, रोहतास मलिक आर्य, राजेंद्र छौक्कर, कश्मीर सिंह, तेजिंदर खर्ब, अमरीश त्यागी, शिवकुमार अहलावत, बलवान सिंह, प्रीतम रावल, शीशपाल मलिक, का.मामचंद सैनी, सेवा सिंह मलिक, पवन सैनी, ओमपाल, भूपेंद्र कश्यप, बंटी, जय भगवान, नवीन, ओमप्रकाश, संजय सिंह, पायल, गांधी राम मोहन राय आदि ने भाग लिया।

## शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को भावभीनी श्रद्धांजलि दी

# शहीदों के सपनों का भारत बनाएं युवा: कौशिक

*युवाओं से देश, मानवता व समाज की सेवा का आह्वान किया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

फैला उजियारा फाउंडेशन ने सोमवार को इसराना मंडी में शहीदी दिवस पर जय जय भारत देश कार्यक्रम श्रृंखला के तहत शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इधर, फाउंडेशन अध्यक्ष कुमारी रंजीता कौशिक ने कहा कि शहीदों का बलिदान केवल इतिहास के पन्नों में दर्ज कोई घटना नहीं है, बल्कि यह हर भारतीय के दिल में जलती हुई वह ज्योति है, जो हमें देश के लिए जीने और जरूरत पड़ने पर मर मिटने की प्रेरणा देती है। उन्होंने कहा कि शहीदी दिवस, हमें यह याद दिलाता है कि हमारी आजादी लाखों बलिदानों की कीमत पर मिली है, और इसे सुरक्षित रखना हम सबका कर्तव्य है। उन्होंने युवाओं से देश, मानवता व समाज की सेवा का आह्वान किया। वहीं, शहीदों को महेंद्र, मीणा, कृष्ण, प्रदीप लक्की, नरेंद्र मलिक, पूनम, कृष्ण, सुभाष आदि ने भावभीनी श्रद्धांजलि दी।



**पानीपत।** शहीदों को नमन करते हुए फैला उजियारा फाउंडेशन सदस्य।

### शहीदों का बलिदान राष्ट्र के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में अंकित

**पानीपत।** शहीदी दिवस पर उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने कहा कि शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव का बलिदान राष्ट्र के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में अंकित है और यह हमें देश के प्रति समर्पण एवं कर्तव्यनिष्ठा का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि शहीदी दिवस केवल श्रद्धांजलि देने का दिन नहीं, बल्कि आत्मचिंतन का अवसर भी है। हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि हम अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करते हुए समाज और राष्ट्र के विकास में सक्रिय योगदान देंगे।

# शहीदों की याद में डेरा बाबा जोध सचियार को सीमेंट दान दिया

*हर युवा को देश, समाज व मानवता की सेवा के लिए आगे आना चाहिए*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

बलिदान दिवस पर शहीद भगत सिंह, राजगुरू व सुखदेव की याद में जेएसडब्ल्यू सीमेंट ने सोमवार को जीटी रोड स्थित डेरा बाबा जोध सचियार गुरुद्वारा में 700 कट्टे सीमेंट के दान किए। वहीं, श्रद्धांजलि सभा में जेएसडब्ल्यू सीमेंट कंपनी से पुनीत शर्मा ने भारत दुनिया का सबसे युवा देश है, वहीं हर युवा को देश, समाज व मानवता की सेवा के लिए आगे आना चाहिए। युवाओं की मेहनत की बदौलत ही भारत आत्मनिर्भर व विकसित राष्ट्र बनेगा। जबकि हरियाणा लोहा व्यापार संघ के अध्यक्ष एवं श्रीराम ग्रुप के चेयरमैन जयपाल सिंह ने शहीद भगत सिंह, राजगुरू व सुखदेव को नमन करते हुए कहा कि युवाओं को शहीदों के सपनों का भारत बनाने के लिए आगे आना चाहिए। इस अवसर पर तरुण राणा, अनुकरण त्यागी, अमर खान, इंद्रजीत सिंह, प्रियांशु शर्मा, बलकार मलिक, जयप्रकाश मलिक, श्री राम स्टील से जगदीश कुमार, मोनू कुमार समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



**पानीपत।** डेरा बाबा जोध सचियार गुरुद्वारा में सीमेंट लेकर पहुंचे जेएसडब्ल्यू सीमेंट कंपनी पदाधिकारी । *फोटो : हरिभूमि*

## खबर संक्षेप


ग्रेजुएशन सेरेमनी के दौरान नन्हे छात्र।

### छात्रों ने दादा-दादी के साथ जमकर की मस्ती

**अंबाला।** डीएवी पब्लिक स्कूल में सोमवार को ग्रैंड पेरेंट्स डे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम रेट्रो टू रंगीन थीम पर आधारित था। कक्षा नर्सरी से कक्षा दूसरी तक के छात्रों ने विभिन्न प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर कक्षा दूसरी के ग्रैंड पेरेंट्स को अलग अलग तरह की गेम्स खिलाई गई और उसमे सभी ग्रैंड पेरेंट्स ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। दादा-दादी, नाना नानी ने पुराने गाने सुनाए व इस कार्यक्रम का खूब आनंद लिया। कार्यक्रम के अंत मे बच्चों को ग्रेजुएशन सेरेमनी पर डिग्री दी गई। बच्चों ने थैंक्स स्पीच दी। प्रधानाचार्य डॉ. आरआर सूरी ने इस अवसर पर बच्चों को शुभकामनाएं दी। ग्रैंड पेरेंट्स को संबोधित करते हुए इस अवसर पर आने का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप इसी तरह एक वृक्ष की तरह ग्रैंड चिल्ड्रन को अपने प्यार की छाया व फल देते रहना। कोऑर्डिनेटर अमिता अरोड़ा ने बच्चो को बधाई एवं ग्रैंड पेरेंट्स का धन्यवाद किया।


**अंबाला।** जज रिया गोयल को सम्मानित करते पंजाबी महासभा के पदाधिकारी।

### न्यायिक सेवा परीक्षा में चयनित रिया सम्मानित

**अंबाला।** न्यायिक सेवा परीक्षा में चयनित होनहार बेटी रिया गोयल को पंजाबी महासभा ने स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया। पंजाबी महासभा अंबाला छावनी अध्यक्ष विनोद जौहर व उनकी कार्यकारिणी ने रिया को भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया। रिया गोयल का चयन गुजरात कैडर के लिए न्यायिक सेवा में हुआ है। वे शीघ्र प्रशिक्षण के लिए रवाना होंगी। उनके पिता अखिलेश गोयल ने बताया कि रिया शुरू से ही पढ़ाई में अव्वल रही हैं। पिता व्यवसायी, माता सुनीता गृहिणी हैं। छोटा भाई हर्षित गुरुग्राम में नौकरी करता है। जज बनने के लिए गुजराती भाषा का ज्ञान आवश्यक होने पर रिया ने मात्र तीन माह की ऑनलाइन विशेष प्रशिक्षण से इस पर पूर्ण पकड़ हासिल कर ली।

### पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

**अंबाला।** एससीईआरटी गुरुग्राम के दिशा-निर्देशों के अनुसार डाइट मोहड़ा में ग्रुप-4 (चतुर्थ श्रेणी) कर्मचारियों के लिए पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य कर्मचारियों की कार्यक्षमता, दक्षता एवं व्यवहारिक कौशल का समग्र विकास करना है ताकि वे अपने दायित्वों का निर्वहन और अधिक प्रभावी ढंग से कर सकें। इस कार्यक्रम का आयोजन डाइट प्रिंसिपल ज्योति रानी के कुशल नेतृत्व में तथा ट्रेनिंग विंग इंचार्ज विजेंद्र सिंह के मार्गदर्शन एवं देखरेख में किया जा रहा है।

युद्ध की वजह से खाड़ी देशों के करोड़ों के ऑर्डर पहले ही फंसे

# ईरान और अमेरिका युद्ध से साइंस इंडस्ट्रीज में व्यवसायिक गैस का संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

ईरान_अमेरिका युद्ध से साइंस इंडस्ट्री में व्यवसायिक गैस का संकट पैदा हो गया है। इस संकट से कारोबारी बेहद परेशान हैं। युद्ध की वजह से करोड़ों के ऑर्डर फंसने व शिपिंग कंपनियों के सरचार्ज बढ़ाए जाने से कारोबारी पहले ही बेहद परेशान थे। अब व्यवसायिक गैस के संकट ने उनकी मुसीबतों में बढ़ौतरी कर दी है। समस्या के समाधान को लेकर सोमवार को कारोबारियों ने उर्जा एवं परिवहन मंत्री अनिल विज से मुलाकात की। मंत्री ने प्रदेश के उच्च अधिकारियों को समस्या के त्वरित समाधान के निर्देश दिए हैं।

- कांच का सामान बनाने का कारोबार ठप
- शिपिंग कंपनियों के शुल्क बढ़ाने के बाद व्यवसायिक गैस की किल्लत से कारोबारी बेहद परेशान, मंत्री विज से लगाई गुहार, बोले संकट खत्म न हुआ तो कारोबार को होगा भारी नुकसान


**अंबाला।** साइंस कारोबारियों से मुलाकात करते मंत्री अनिल विज।

#### युद्ध की वजह से बढ़ा संकट

ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि मध्य-पूर्व में युद्ध की तेल व गैस का संकट हुआ है। हिंदुस्तान की वजह से यह स्थिति नहीं बनी। उन्होंने कहा कि इस वजह से तेल और गैस लाने का मार्ग अवरुद्ध हुए है। हालांकि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी जिनकी विदेश नीति के बल पर हम अपने फंसे हुए जहाजों को निकलवा सके हैं। उनके जरिए तेल व गैस आपूर्ति हो रही है। देश के जो शेष 22 जहाज फंसे है जिनमें लगभग 166 नाविक है उन्हें निकालने के लिए भी सरकार निरंतर प्रयास कर रही है।

उन्होंने कहा कि साइंस उद्यमियों के लिए कॉमर्शियल गैस की निरंतर उपलब्धता होनी चाहिए ताकि इनके कामकाज प्रभावित न हों।

#### आपूर्ति रुकने से बढ़ी चिंता

अमेरिका-ईरान युद्ध के बीच अचानक व्यवसायिक सिलेंडरों की आपूर्ति रुकने से साइंस कारोबारी चिंतित हो गए। उनका कहना है कि गैस आपूर्ति पर प्रतिबंध से कांच के सामान के उत्पादन पर असर पड़ेगा। यहां 2,000 से ज्यादा साइंस इकाइयों में कांच के बर्तन, इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद, शैक्षिक उपकरण और अन्य वैज्ञानिक उपकरण बनाने का कारोबार होता है। साइंस उद्योग न केवल पूरे देश में, बल्कि खाड़ी देशों, अफ्रीका और यूरोप के देशों को भी उत्पाद आपूर्ति करता रहा है। यहां फार्मा कंपनियों, अनुसंधान कार्यों और वैज्ञानिक प्रयोगशालाओं में इस्तेमाल होने वाले बीकर, फ्लास्क, पिपेट और अन्य सामान भी तैयार होता है। कांच के सामान के उद्योग के लिए महत्वपूर्ण व्यवसायिक गैस सिलेंडरों पर प्रतिबंध ने निर्माताओं को मुश्किल में डाल दिया है। बड़े निर्माताओं के पास कुछ दिनों तक चलने वाला स्टॉक है लेकिन छोटे निर्माताओं के सामने बड़ी चुनौती खड़ी होने वाली है।

#### गैस उपलब्ध करवाने की गुहार लगाई

सोमवार को मंत्री अनिल विज के आवास पर अंबाला छावनी साइंस इंडस्ट्री से " दि अंबाला साइंटिफिक इंस्ट्रूमेंट मेन्यूफेक्चरर्स एसोसिएशन" और "साइंटिफिक अप्रेट्स मेन्यूफेक्चरर्स एंड एक्सपोर्ट्स के पदाधिकारियों ने मुलाकात कर गैस उपलब्ध करवाने की गुहार लगाई। पदाधिकारियों की मांग को त्वरित कार्रवाई करते हुए ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के आयुक्त एवं सचिव जे गणेशन से बात की। उन्हें साइंस इंडस्ट्री में निरंतर व्यवसायिक गैस उपलब्धता जारी करने को कहा। उन्होंने कहा अंबाला छावनी में हजारों घरों की रोजी-रोटी साइंस इंडस्ट्री है। गैस उपलब्ध नहीं होने पर काम प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने कहा साइंस इंडस्ट्री में गैस आपूर्ति का अलग से शेड्यूल तय कर यहां निरंतर गैस उपलब्ध कराई जाए। ऊर्जा मंत्री ने डीसी अजय तोमर से भी इस मामले में कार्रवाई करने के दिशा-निर्देश दिए ताकि साइंस उद्यमियों को गैस किल्लत से जूझना न पड़े। साइंस उद्यमी व एसोसिएशन अध्यक्ष जतिंद्र सहगल के अलावा संजय गुप्ता, सौरभ नागपाल, नवनीत मित्तल, उमाकांत, मुकेश चोपड़ा, रजत जैन, गुरकिरपाल सिंह ने बताया कि व्यवसायिक गैस संकट की वजह से साइंस ग्लासवेयर इंडस्ट्री पर प्रभाव पड़ रहा है।


**अंबाला।** शहीदों को नमन करते भाजपा नेता कपिल विज व अन्य। *फोटो: हरिभूमि*

## आज शहीदों की वजह से ले रहे खुली हवा में सांस: विज

- भाजपा नेताओं ने शहीदों को किया नमन, फूलमालाएं अर्पित कर युवाओं से प्रेरणा लेने का किया आग्रह

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

शहीदे आजम भगत सिंह, राजगुरू व सुखदेव के शहीदी दिवस के अवसर पर अंबाला छावनी के एसडीएम कार्यालय में सोमवार को एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा नेता कपिल विज, एसडीएम विनेश कुमार, नगर परिषद् अध्यक्ष स्वर्णजीत कौर व उपाध्यक्ष ललिता प्रसाद ने शहीदे आजम भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस मौके पर भगत सिंह पर आधारित गीत मेरा रंग दे बसंती चोला, वंदे मातरम गीतों एवं नारे लगाकर उपस्थित सभी में देश भक्ति का संचार किया। विज ने शहीदी दिवस के अवसर पर शहीदों को नमन करते कहा कि क्रांतिकारी भगत सिंह की शहादत दिवस पर सारे देश में शहीदी दिवस मनाया जा रहा हैं। हम भी अपने श्रद्धासुमन प्रस्तुत करने के लिए बहुत बड़ी संख्या में लघु सचिवालय के प्रांगण में स्थापित शहीदे आजम भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के लिए यहां पर एकत्रित हुए हैं। उन्होंने कहा कि हम खुली हवा में जो सांस ले रहे हैं वह इन महान वीरों की बदौलत है। हमारी युवा पीढ़ी को इन महान वीरों की गाथाओं के बारे में संपूर्ण जानकारी होनी चाहिए।

#### ये रहे मौजूद

एसडीएम विनेश कुमार ने बताया कि कैबिनेट मंत्री अनिल विज के दिशा-निर्देशानुसार यहां पर शहीदी दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया है। उनके साथ-साथ भाजपा के पदाधिकारियों व अन्य ने शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया हैं। कहा कि मंत्री के विशेष प्रयासों से सुभाष पार्क में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा व लघु सचिवालय में शहीदे आजम भगत सिंह की प्रतिमा के साथ-साथ जीटी रोड छावनी में आजादी की पहली लड़ाई 1857 की क्रांति का एशिया का सबसे बड़ा व सबसे बेहतरीन शहीदी स्मारक बनाने का काम किया जा रहा है। कहा कि निसंदेह ये सभी परियोजनाएं हर वक्त देश के लिए हमें जीने के लिए प्रेरणा देंगे। हर्ष बिंद्रा, रवि बुद्धिराजा, किरण पाल चौहान, मोहित कौशिक आदि मौजूद रहे।

## शहीदों की शहादत को किया नमन

- शहीदों का बलिदान देशवासियों के लिए सदैव प्रेरणा का स्रोत रहेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

देश के महान स्वतंत्रता सेनानियों शहीद भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव के शहादत दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष मनदीप राणा के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने शहीदों की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। जिलाध्यक्ष मनदीप राणा ने कहा कि शहीदों का बलिदान देशवासियों के लिए सदैव प्रेरणा का स्रोत रहेगा।


**अंबाला।** शहीदों को नमन करते भाजपा नेता व कार्यकर्ता। *फोटो: हरिभूमि*

#### ये रहे मौजूद

उन्होंने कहा कि भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव ने देश की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों की आहुति दी जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने आगे कहा कि इन महान क्रांतिकारियों का त्याग और समर्पण आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित करता रहेगा। हमें उनके दिखाए मार्ग पर चलकर देश को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लेना चाहिए। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष मनीष आनंद मन्नी, दिनेश लदाना, गुरविंदर सिंह, सौरभ गुप्ता, महिला मोर्चा अध्यक्ष बीनू गर्ग, कार्यालय सचिव पिंकू सूद व बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कैंप में 65 लोगों ने स्वेच्छा से किया रक्तदान

- शहीदी दिवस पर पर किया रक्ततदान शिविर का आयोजन
- मुख्यअतिथि बोले-रक्तदान महादान, इससे बड़ा कोई पुण्य नहीं हो सकता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा


**बराड़ा।** रक्तदानियों को सम्मानित करते हुए मुख्यातिथि व अन्य। *फोटो: हरिभूमि*

शहीदी दिवस के अवसर पर प्रयास समाज सेवा संस्थान द्वारा अग्रवाल धर्मशाला में शहीदों को समर्पित एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्रवासियों ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए कुल 65 यूनिट रक्तदान किया। संस्था के प्रवक्ता राकेश कौशिक ने बताया कि यह शिविर प्रयास के वरिष्ठ सदस्यों जंगबीर राणा, राम सैनी व अमन गर्ग की अगुवाई में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डीएसपी सुरेश कुमार मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे जबकि थाना प्रभारी सुरिंदर सिंह, थाना प्रभारी मुलाना प्रमोद सिंह, बराड़ा चौकी इंचार्ज हाकम सिंह व कलालटी चौकी इंचार्ज विश्वबंधु ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। शिविर में डॉ. कुलदीप गुप्ता, मोनिका कालड़ा, डॉ. इंदु विज व प्रीति गर्ग विशेष रूप से मौजूद रहे।इस अवसर पर डिंपल राणा, कुलराज शर्मा, योगेश गुप्ता, सोहन लाल प्रजापत, बलवंत मेहता सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

#### सम्मानित किया

सिविल अस्पताल अंबाला शहर के ब्लड बैंक की टीम ने डॉ. भारती के नेतृत्व में रक्त संग्रहण का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न कराया। मुख्यातिथि सुरेश कुमार ने रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। कहा कि "रक्तदान महादान है। इससे बड़ा कोई पुण्य कार्य नहीं हो सकता।" संस्था द्वारा किए जा रहे समाजसेवी कार्यों की सराहना करते युवाओं के उत्साह को प्रेरणादायक बताया। थाना प्रभारी सुरिंदर सिंह ने कहा कि नियमित रक्तदान से शरीर स्वस्थ रहता है, जबकि प्रमोद सिंह ने युवाओं से सामाजिक बुराइयों, विशेषकर नशे के खिलाफ एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया।

## आकाश में गुब्बारे छोड़ वार्षिक महोत्सव का शुभारंभ

- धर्म सम्मेलन के चार दिवसीय कार्यक्रम में विभिन्न आध्यात्मिक विषयों पर प्रतिदिन वैष्णव संतो द्वारा चर्चा परिचर्चा की जाएगी : आचार्य विष्णु
- गौड़ीय मठ के धर्म सम्मेलन समाज में भक्ति योग से समरसता, भाईचारा एवं जीवन के मूल्य पर आधारित संदेश प्रदान करता है : राजीव जिंदल

हरिभूमि न्यूज ⏭ पंचकूला



श्री चैतन्य गौड़ीय मठ, सेक्टर 20 के 56वें वार्षिक धर्म सम्मेलन, रामनवमी महोत्सव एवं जन्म शताब्दी समापन समारोहों का शुभारंभ मुख्य अतिथि क्षेत्र के जाने-माने समाजसेवी राजीव जिंदल द्वारा संत महात्माओं की उपस्थिति में रंग-बिरंगे हाइड्रोजन गुब्बारे आकाश में छोड़ कर शुभारंभ किया गया। इससे पहले अखिल भारतीय श्री चैतन्य गौड़ीय मठ संस्थान के अध्यक्ष एवं आचार्य श्री भक्ति विचार विष्णु जी महाराज जी के आज चंडीगढ़ पधारने के बाद उनका भव्य अभिनंदन किया गया। उनके सानिध्य में पांच दिवसीय धर्म सम्मेलन 24 मार्च से लेकर 28 मार्च तक आयोजित किया जाएगा।

#### समारोह पर चर्चा

मुख्य अतिथि राजीव जिंदल ने कहा कि गौड़ीय मठ के धर्म सम्मेलन समाज में भक्ति योग से समरसता भाईचारा एवं जीवन के मूल्य पर आधारित संदेश प्रदान करता है,अध्यक्ष भक्ति विचार विष्णु महाराज ने कार्यक्रम के बारे में में कहा कि धर्म सम्मेलन के चार दिवसीय कार्यक्रम में जीवन में सद्गुरु के महत्व भगवत गीता से शरणागति की शिक्षा वैष्णवता- जात पात ऊंच नीच से परे, भगवान श्री राम के आदर्शों के पालन से मिलेगी शांति" विषयों पर प्रतिदिन वैष्णव संतो द्वारा चर्चा परिचर्चा की जाएगी। इसके साथ ही मठ के पूर्व आचार्य श्री तीर्थ गोस्वामी महाराज जी के विश्वव्यापी जन्म शताब्दी के उपलक्ष पर आयोजित समारोह पर चर्चा की जाएगी।

## जल संरक्षण का महत्व बताया

- जल और लैंगिक समानता विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ पंचकूला



#### जल संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाएं: सचदेवा

विद्यालय के प्रधानाचार्य अभियंता गिरिश सचदेवा ने मुख्य वक्ता का स्वागत किया। नए शैक्षणिक सत्र से पूर्व आयोजित इस संगोष्ठी में विद्यालय के समस्त स्टाफ ने भाग लिया। शिक्षकों को प्रेरित किया गया कि वे विद्यार्थियों के माध्यम से समाज में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाएं, ताकि यह संदेश व्यापक स्तर तक पहुंचे।

विश्व जल दिवस की पूर्व संध्या पर मॉडर्न वेज मॉडल स्कूल, सेक्टर 29, चंडीगढ़ में "जल और लैंगिक समानता" विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया। कार्यक्रम में जल संरक्षण, कृषि तथा नीतिगत निर्माण में महिलाओं की भागीदारी के महत्व पर विशेष बल दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि जल प्रबंधन में महिलाओं की सक्रिय भूमिका घर से लेकर समाज तक अत्यंत महत्वपूर्ण है। डॉ. प्रदीप, संयोजक पर्यावरण संरक्षण गतिविधि, चंडीगढ़ ने गिरते जल स्तर, पेयजल की कमी तथा जलजनित बीमारियों पर चिंता व्यक्त करते उनके कारणों और समाधान पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम का समापन जल संरक्षण के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी निभाने तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित, सतत और समान भविष्य निर्माण के संकल्प के साथ हुआ।

## गांव डेहर की टीम ने मारी बाजी

- गांव धनाना में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ शहजादपुर

धनाना में महादेव क्रिकेट क्लब की तरफ से क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया जिसमें 14 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में समाजसेवी सपटर गुर्जर ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। प्रतियोगिता में पहले स्थान पर डेहर गांव की टीम रही और दूसरे स्थान पर खानपुर की टीम रही। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 25000 रुपये और दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम को 15000रूपये देकर सम्मानित किया गया। टूर्नामेंट में मुख्यतिथि के रूप में पहुंचे समाजसेवी सपटर गुर्जर और चेयरमैन मार्केट कमेटी बरवाला देशराज पोसवाल ने टीमों को पुरस्कृत किया। विजेता टीमों को सम्मानित किया। गुर्जर ने कहा कि इस तरह के आयोजन से खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ता है। उन्हें अपने लक्ष्य के प्रति जागरूक किया जाता है । पोसवाल ने कहा की सरकार ने खेल प्रतिभाओं के लिए कई योजनाएं चलाई हुई हैं। खिलाड़ी सरकार द्वारा चलाई गई योजनाओं का लाभ भी उठा रहे हैं। कमेटी अध्यक्ष गुरविंदर सिंह, अमन खटाना ,जस्सी, रवि ,कुलदीप, चमन सिंह गुर्जर ,प्रिंस ,पार्श ,मोहित ,सरपंच कैप्टन केहर सिंह मौजूद थे।


**शहजादपुर।** प्रतियोगिता की विजेता टीम। *फोटो: हरिभूमि*

आयोजित भव्य फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन बेहद रोमांचक मुकाबले के साथ हुआ

# मेजबान भारांपुर की टीम को हराकर चंडीगढ़ की टीम बनी विजेता, 25 हजार का नकद इनाम मिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ शहजादपुर

भारांपुर खेल मैदान पर आयोजित भव्य फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन बेहद रोमांचक मुकाबले के साथ हुआ। टूर्नामेंट के फाइनल मैच में चंडीगढ़ की टीम ने अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर भारांपुर को हराकर खिताबी जीत हासिल की। विजेता और उपविजेता टीमों को मुख्य अतिथियों द्वारा नकद पुरस्कार और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। टूर्नामेंट का अंतिम मुकाबला चंडीगढ़ और मेजबान भारांपुर के बीच खेला गया। खेल के शुरुआती समय से ही दोनों टीमों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली। हालांकि, चंडीगढ़ की टीम ने बेहतर तालमेल और आक्रामक खेल का परिचय देते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। भारांपुर की टीम ने भी अंत तक कड़ा संघर्ष किया और द्वितीय स्थान पर कब्जा जमाया।प्रतियोगिता के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि अशोक मेहता ने विजेता टीमों को सम्मानित किया।


**शहजादपुर।** विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान करते मुख्यअतिथि अशोक मेहता।

#### नशे से दूर रहने का दिया संदेश

मुख्य अतिथि अशोक मेहता ने भारांपुर टीम के कप्तान कर्मवीर सिंह को पुरस्कार भेंट करते हुए उनके खेल की सराहना की और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। आयोजकों ने बताया कि इस टूर्नामेंट में कुल 24 टीमों ने भाग लिया था। कई दिनों तक चले इस खेल महाकुंभ में खिलाड़ियों के बीच जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। सरपंच रामकरण ने सभी युवाओं को खेलों से जुड़ने और नशे से दूर रहने का संदेश दिया।कार्यक्रम की अध्यक्षता भारांपुर के सरपंच रामकरण ने की। सभी अतिथियों ने ग्रामीण क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं को निखारने के इस प्रयास की प्रशंसा की। इस अवसर पर सुरजीत, ईश्वर सिंह , और सलिंदर शर्मा सहित भारी संख्या में खेल प्रेमी और ग्रामीण मौजूद रहे।